www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:13 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-100 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • सोमवार 15 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### स्पेन में दिल का दौरा पड़ने से युवक की मौत

**सुल्तानपुर लोधी|** स्पेन में रोज़गार के लिए गए पंजाब के युवक चरणजीत सिंह मैसेन की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह कपूरथला जिले के गांव तलवंडी चौधरियां के निवासी और स्वर्गीय केवल कृष्ण के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार, चरणजीत मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था और पत्नी, दो वर्षीय बेटे तथा विधवा मां को आर्थिक सहायता भेजता था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। निधन की खबर गांव पहुंचते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार ने बताया कि चरणजीत का अंतिम संस्कार और अंतिम अरदास स्पेन में ही की जाएगी।

### कनाडा में गोलीबारी, 3 ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

**ओटावा|** कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने भारतीय मूल के तीन ट्रक ड्राइवरों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य संदिग्ध की तलाश जारी है। यह वारदात 7 अक्टूबर की रात करीब 10:45 बजे मैक्वीन ड्राइव और कैसलमोर रोड के बीच एक पार्किंग स्थल पर हुई, जहां दो गुटों के बीच विवाद के बाद फायरिंग शुरू हो गई। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हुआ, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रियायती ऋण का झांसा दे 1.12 करोड़ की ठगी

**रांची|** रांची पुलिस ने बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण दिलाने का झांसा देकर दो व्यापारियों से 1.12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया है। आरोपी कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू निवासी शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो और उसकी पत्नी एंजेला कुजूर बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि आरोपियों ने झारखंड के रामगढ़ जिले के व्यापारी सरोज कांत झा से 70 लाख रुपये और ओडिशा के एक व्यापारी से 42 लाख रुपये की ठगी की थी। मामले की जांच जारी है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

## शाम साढ़े चार बजे तक 47 प्रतिशत मतदान, चार स्थानों पर मंगलवार को दोबारा होगी वोटिंग

**जिला परिषद-ब्लॉक समिति के चुनाव...**

# मतदान के बीच हिंसा, बूथ कैप्चरिंग के आरोप और राजनीतिक घमासान

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब में जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह 8 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 4 बजे तक चली, जिसमें मतदाताओं ने ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य के 23 जिलों में 347 जिला परिषद और 2,838 ब्लॉक समिति सीटों के लिए कुल 9,775 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया। हालांकि, मतदान के इस लोकतांत्रिक अभ्यास के दौरान कई स्थानों से हिंसा, कथित बूथ कैप्चरिंग के आरोप और राजनीतिक घमासान की खबरें भी सामने आईं, जिससे कई जिलों में माहौल तनावपूर्ण बना रहा।दोपहर 12 बजे तक प्रदेशभर में औसतन 19.1 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, दोपहर 2 बजे तक 32% वोटिंग हुई। शाम साढ़े चार बजे तक 47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि चार स्थानों पर अनियमितताओं के चलते मंगलवार को दोबारा मतदान कराया जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं प्रशासन और पुलिस कई स्थानों पर हालात संभालने में जुटी रही। अमृतसर जिले में हालात बिगड़ने के चलते दो ब्लॉकों में चुनाव रद्द कर दिए गए हैं। लेकिन सूत्रों के अनुसार कानून-व्यवस्था और चुनावी अनियमितताओं की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया।





सीएम भगवंत सिंह मान, शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, मनप्रीत सिंह अयाली, विधायक चेतन सिंह जोड़ामाजरा मतदान करते हुए। -समर न्यूज़

## सीएम मान का दावा: कांग्रेस और अकाली दल नेता पहले ही हार मान चुके

**▪ मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किया मतदान, विपक्ष पर साधा निशाना...**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे स्थानीय मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव गांवों के विकास से सीधे जुड़े होते हैं। इन चुनावों में वही लोग मैदान में होते हैं, जिन्हें मतदाता व्यक्तिगत रूप से जानते हैं और जो सुख-दुख में साथ रहते हैं। यही लोकतंत्र की असली नींव है। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हार की हताशा का नतीजा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और अकाली दल के नेता चार-पांच दिन पहले ही अपनी हार स्वीकार कर चुके हैं और अब उसे किसी और दिशा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।

**▪ फिरोजपुर में हिंसा, ईंट-पत्थर चले...**

फिरोजपुर जिले के गांव बेटू कदीम में मतदान के दौरान दो गुटों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति हिंसक हो गई। मौके पर ईंट-पत्थर चले, जिससे मतदान केंद्र पर अफरा-तफरी मच गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस को मौके पर बुलाया गया और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए। इसी जिले के गांव फत्तूवाला में भाजपा उम्मीदवार जगदीप सिंह पर तेजधार हथियार से हमला किए जाने की खबर सामने आई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें गंभीर हालत में फिरोजपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। भाजपा जिला प्रधान ने आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने कैंची से हमला किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस के इलावा फतेहगढ़ साहिब में आम आदमी पार्टी के एक उम्मीदवार द्वारा मतदान से पहले ही सीरियल नंबर वाला बैलेट पेपर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। विपक्ष ने इसे चुनाव प्रक्रिया की गंभीर चूक और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया है।

**▪ विधायक के भाई पर गंभीर आरोप, चुनाव आयोग से शिकायत...**

शिरोमणि अकाली दल ने राज्य चुनाव आयोग को एक शिकायत भेजी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गिद्दड़बाहा से आम आदमी पार्टी के विधायक हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों के भाई सनी ढिल्लों पुलिस कर्मियों के साथ एक मतदान केंद्र पर पहुंचे और वहां कई गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दिया। अकाली दल का आरोप है कि सबसे पहले मतदान केंद्र के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों को जानबूझकर तोड़ा गया, ताकि सबूत न रहें। इसके बाद मतदान प्रक्रिया में जबरन हस्तक्षेप किया गया और मतदाताओं को डराया-धमकाया गया। पार्टी ने मांग की है कि भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 के तहत दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। पंजाब कांग्रेस के प्रधान राजा वड़िंग ने भी गिद्दड़बाहा क्षेत्र में बूथ कैप्चरिंग के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**▪ लुधियाना में भी हंगामा...**

लुधियाना के मुल्लांपुर दाखा में भी विवाद हुआ, जहां शिरोमणि अकाली दल के नेता जसकरण सिंह दियोल ने आरोप लगाया कि उनके प्रत्याशी की वोट तक काट दी गई। उन्होंने पोलिंग बूथ के बाहर धरना देने का ऐलान किया। मौके पर कांग्रेस नेता भी पहुंच गए, जिससे माहौल और गर्मा गया। कुल मिलाकर, पंजाब के जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव लोकतंत्र की अहम कड़ी होने के बावजूद हिंसा, विवाद और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ते नजर आये।

## चुनावी ड्यूटी जाते कोहरे के कारण नहर में गिरी कार,मौत



**समर न्यूज़ | मोगा**

पंजाब में घने कोहरे के चलते मोगा जिले के संगतपुरा इलाके में एक कार नहर में गिर गई, जिससे उसमें सवार पति-पत्नी की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान अध्यापिका कमलजीत कौर और उनके पति जसकरण सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि कमलजीत कौर की चुनावी ड्यूटी लगी थी और उनके पति उन्हें गांव माड़ी मुस्तफा छोड़ने जा रहे थे। घने कोहरे के कारण चालक को रास्ता दिखाई नहीं दिया और कार नहर में जा गिरी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार बाहर निकाली, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिडनी के बॉन्डी बीच पर फायरिंग, 10 लोगों की मौत

## एक हमलावर की मौत, दूसरा जख्मी... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले की कड़ी निंदा की

**एजेंसी | सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित प्रसिद्ध बॉन्डी बीच पर रविवार को हुई अंधाधुंध गोलीबारी से पूरे देश में दहशत फैल गई। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, दो हथियारबंद हमलावरों ने 50 से अधिक गोलियां चलाईं, जिसमें कम से कम 10 लोगों की जान चली गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने भीड़ को निशाना बनाया, जिसमें बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के मुताबिक अब तक एक हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि दूसरा हमलावर गंभीर हालत में है और उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और जांच जारी है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने इस हमले को "बेहद चौंकाने वाला और परेशान करने वाला" बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने न्यू साउथ वेल्स के पुलिस आयुक्त और राज्य के प्रीमियर से बात कर हालात की समीक्षा की और लोगों से सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने पुष्टि की है कि दोनों हमलावरों को हिरासत में ले लिया गया है, हालांकि इलाके में एहतियात के तौर पर सुरक्षा अभियान जारी है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



घटना के बाद लोगों को प्राथमिक उपचार दिया। -समर न्यूज़

**▪ ऑस्ट्रेलिया में पिछले 30 साल में सबसे बड़ी मास शूटिंग...**

यह घटना ऑस्ट्रेलिया में करीब 3 दशक की बड़ी मास शूटिंग है।



हमलावर-नवीद, अहमद।

इससे पहले मास शूटिंग की घटना 28 अप्रैल 1996 को हुई थी, जिसे पोर्ट आर्थर नरसंहार के नाम से जाना जाता है।

**▪ पीएम मोदी की प्रतिक्रिया...**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे "भयानक आतंकवादी हमला" बताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाना निंदनीय है और इस दुख की घड़ी में भारत ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़ा है।

## भाजपा के 'नबीन' राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**समर न्यूज़ | लखनऊ**



भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को बिहार के मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी, उनके अनुभव की सराहना की, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बिहार के नेताओं समेत पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने उन्हें बधाई दी। नबीन की उम्र 45 साल है, वे 2010 से बांकीपुर सीट से विधायक हैं। वे नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। कल वे दिल्ली पहुंचेंगे। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे। नड्डा अभी केंद्र में स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल रहे हैं।

## बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में आरोपी को नहीं मिलेगी जमानत

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2024 के चर्चित मुंबई बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में आरोपी मिहिर शाह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपी मिहिर शाह शिवसेना के एक पूर्व नेता का बेटा है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे मामलों में कड़ा संदेश देना जरूरी है, ताकि कानून से ऊपर खुद को समझने वालों को सबक मिल सके। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए.जी. मसीह की पीठ ने जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि आरोपी एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता है और उसके पिता मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट से जुड़े रहे हैं, लेकिन यह तथ्य उसे कानून से ऊपर नहीं रखता। पीठ ने टिप्पणी की, "आरोपी पहले अपनी मर्सिडीज खड़ी करता है, फिर बीएमडब्ल्यू निकालकर टक्कर मारता है और मौके से फरार हो जाता है। ऐसे लोगों को कुछ समय जेल में रहना चाहिए। इन्हें सबक सिखाना जरूरी है।" आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने दलील दी कि हाईकोर्ट ने मुख्य गवाहों की गवाही दर्ज होने के बाद जमानत की अनुमति दी थी। हालांकि, अदालत का रुख भांपते हुए उन्होंने जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे मंजूर कर लिया गया। गौरतलब है कि 24 वर्षीय मिहिर शाह को 9 जुलाई 2023 को मुंबई के वर्ली इलाके में BMW कार से दोपहिया वाहन को टक्कर मारने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस हादसे में 45 वर्षीय कावेरी नखवा की मौत हो गई थी, जबकि उनके पति प्रदीप नखवा गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

## अगले सप्ताह बारिश के आसार

# पंजाब में कोहरे से बढ़ीं परेशानियां, लुधियाना सबसे ठंडा

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

उत्तर भारत में पिछले कई दिनों से जारी ठंड के बीच अब पंजाब में कोहरे ने भी दस्तक दे दी है, जिससे आम जनजीवन पर असर पड़ने लगा है। रविवार सुबह पंजाब के कई जिलों में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा, जबकि कुछ स्थानों पर हल्का कोहरा दर्ज किया गया। कोहरे और बढ़ती ठंड के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, लुधियाना पंजाब का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं हरियाणा में हिसार सबसे ठंडा स्थान

### • 15—16 दिसंबर को कोहरे का असर बढ़ने की चेतावनी

*मौसम वैज्ञानिकों ने 15 और 16 दिसंबर को पंजाब के कई जिलों में कोहरे की तीव्रता बढ़ने और ठंड के और जोर पकड़ने की संभावना जताई है। खासकर सुबह और देर रात के समय घना कोहरा पड़ सकता है, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित होने की आशंका है। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।*

**▪ 20 दिसंबर से बदल सकता है मौसम का मिजाज...**

*मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि 20 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हो सकती है, जबकि पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा सकती है। इससे तापमान में और गिरावट आने की आशंका है।*

**▪ जिलों में न्यूनतम तापमान का हाल...**

*मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 8.8, पठानकोट में 8.9, बठिंडा में 10.5, फरीदकोट में 8.0, गुरदासपुर में 7.5, नवांशहर में 7.7 और होशियारपुर में 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मानसा में न्यूनतम तापमान 10.7, मोहाली में 11.8 और रूपनगर (रोपड़) में 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।*

*पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे ठंड का असर साफ महसूस किया गया। सुबह के समय शहर के कई इलाकों में हल्का कोहरा भी देखा गया।*

**▪ जनजीवन पर असर, सतर्कता जरूरी...**

*कोहरे और ठंड के कारण खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। सुबह के समय खुले में निकलने से बचने और गर्म कपड़े पहनने की अपील की गई है। वाहन चालकों को भी कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का यह सिलसिला जारी रह सकता है। ऐसे में लोगों को मौसम अपडेट पर नजर रखने और आवश्यक सतर्कता अपनाने की जरूरत है।*

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुनीं जनसमस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

**समर न्यूज़ | कोटा**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा स्थित अपने कार्यालय में क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और प्रशासनिक समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें लोकसभा अध्यक्ष ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। ओम बिरला ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों को वास्तविक और स्थायी राहत दिलाना है।



लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की बात सुनी जाए और प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, जबकि अन्य मामलों में निर्धारित समयसीमा तय कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जनसुनवाई के दौरान पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और राजस्व से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया।